द्वितीय चरण (मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका की त्रुटि निवारण/परिनिरीक्षण (Scrutiny), करने हेतु)

1. उत्तर पुस्तिका में किसी प्रश्न का मूल्यांकन न होने, अंको के योग में त्रुटि होने, उत्तर पुस्तिका में प्राप्त अंक तथा अभ्यर्थी के परीक्षाफल के अंको में अंतर होने की दशा में अभ्यर्थी को उत्तर पुस्तिका की Scanned Copy प्राप्त होने की तिथि से 07 दिवस के अन्दर सम्बन्धित लिंक के माध्यम से त्रुटि निवारण हेतु ऑनलाइन ही सूचित करना होगा। परिनिरीक्षण (Scrutiny), हेतु अभ्यर्थी को उक्त लिंक के माध्यम से ही ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑफलाइन आवेदन किसी भी दशा में मान्य नही होगा।
2. मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका में किसी भी त्रुटि हेतु आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी को ''Apply for Scrutiny'' लिंक पर Click करना होगा। इसके पश्चात अभ्यर्थी को अपना अनुक्रमांक भरने के उपरान्त Search पर Click करना होगा जिससे अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन ई–मेल के माध्यम से प्राप्त एवं अवलोकित की जा चुकी उत्तरपुस्तिकाओं का प्रश्न पत्र वार विवरण स्क्रीन पर स्वतः प्रदर्शित होगा। अभ्यर्थी द्वारा DU Number, Application Number एवं प्रश्न पत्र का सही प्रकार मिलान कर इच्छित प्रश्न पत्र का चयन किया जायेगा। प्रश्न पत्र के चयन के उपरान्त अभ्यर्थी द्वारा उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन में विद्यमान त्रुटि का दिये गये विकल्पो मे से चयन किया जायेगा। **परिनिरीक्षण (Scrutiny) से सम्बन्धित त्रुटियों के निवारण हेतु कोई शुल्क देय नही होगा।**
3. मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका में किसी त्रुटि हेतु आवेदन करने के उपरान्त यदि अभ्यर्थी के प्राप्तांको मे कोई संशोधन होता है तो अभ्यर्थी को ऑनलाइन ही उक्त संशोधन से अवगत कराया जायेगा तथा संशोधित प्राप्तांको के आधार पर उसका परीक्षाफल घोषित कर दिया जायेगा।

उक्त प्रक्रिया अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु निर्धारित की जा रही है। उक्त प्रक्रिया से अभ्यर्थी को उत्तर पुस्तिका के अवलोकन अथवा मूल्यांकन में त्रुटि हेतु अनावश्यक ही विश्वविद्यालय नही आना पड़ेगा तथा अपने निवास से ही पारदर्शी तरीके से उत्तर पुस्तिका का अवलोकन तथा मूल्यांकन में त्रुटि का संशोधन करा सकेगा।